हिन्दी सलाहकार समिति का गठन

53 **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन नहीं हुआ है और गत तीन वर्षों में कभी भी नियमानुसार चार बैठकें नहीं हुई हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि आज के समय में भाषा के विकास और उसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये अति आवश्यक यान्त्रिक सुविधाएं जैसे–टैली-प्रिन्टर, टैलेक्स, कम्प्यूटर और इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों आदि का इस मंत्रालय में नितान्त अभाव है, जिसके कारण राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वार्षिक कार्यक्रम पिछले 11 वर्षों से पूरे नहीं किए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त कार्यक्रम को पूरा करने के लिए कौन-कौन से सक्षम कदम उठाए गए हैं ?

औद्योग विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) जी नहीं, हिन्दी सलाहकार समिति, जो कि इस मंत्रालय में काफी समय से कार्यरत है, का पुनर्गठन 27 जून, 1984 को किया गया था। पुनर्गठन के बाद अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं। आगामी बैठक आयोजित करने के लिए कार्यवाही पहले ही आरम्भ की जा चुकी है।

(ख) और (ग) राजभाषा संबंधी वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वियन हेतु सभी प्रकार के यथासंभव प्रयास किय जा रहे हैं। भविष्य में जहां तक संभव हो सकेगा द्विभाषी मकैनिकल/इलैक्ट्रानिक कार्यालय उपकरण ही खरीदे जाएगें।

हिन्दी सलाहकार समिति का गठन

54. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन नहीं हुआ है और गत तीन वर्षों में कभी भी नियमानुसार चार बैठकें नहीं हुई हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि आज के समय में भाषा के विकास और उसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये अति आवश्यक यान्त्रिक सुविधाओं जैसे–– टैलीप्रिन्टर, टैलैक्स, कम्प्यूटर और इलै-ट्रानिक टाइपराइटरों आदि का इस मंत्रालय में नितान्त अभाव है, जिसके कारण राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वार्षिक कार्यक्रम पिछले 11 वर्षों से पूरे नहीं किये गये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त कार्य-क्रमों को पूरा करने के लिये कौन-कौन से सक्षम कदम उठाए गए हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री बंसत साठे) : (क) वर्तमान ऊर्जा मंत्रालय का गठन हाल ही में अर्थात् सितम्बर, 1985 के अन्तिम सप्ताह में विभिन्न मंत्रालयों से विभागों को लेकर किया गया है। इस समय इस मंत्रालय में तीन विभाग हैं। इस मंत्रालय के लिये हिन्दी सलाहकार समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। समिति का औपचारिक गठन शीघ्र ही पूरा करके बैठक आयोजित करने का क्रम प्रारम्भ किया जायेगा।

(ख) और (ग) टैलीप्रिंटर, टैलैक्स, कम्प्यूटर तथा इलैक्ट्रानिक टाइप-राइटर आदि यान्त्रिक सुविधाओं की उपलब्धि हिन्दी भाषा/देव नागरी लिपि में बहुत सीमित है। इनका प्रयोग यथा आव-श्यक किया जायेगा। राज भाषा कार्यक्रम की मदों को मंत्रालय में पूरा करने के लिये यथासंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

हिन्दी सलाहकार समिति का गठन

55. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का